विश्व की अनेक समस्याओं का कारण है हमारा मन - कलाम

(माइंड-बॉडी मेडिसीन पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन)

गुड़गांव। ओ.आर.सी. में डॉक्टर्स के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे.अब्दुल कलाम।

गुड़गांव। विश्व की अनेक समस्याओं का मूल कारण हमारी मानसिक स्थिति का ठीक न होना है। डॉक्टर्स शरीर का ईलाज तो करते हैं लेकिन मन का नहीं। मन को स्वास्थ रखने के लिए हमें आध्यात्मिकता से जुड़ना होगा।

उक्त उद्‌गार भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम ने ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल प्रभाग द्वारा ओ.आर.सी. में आयोजित 'माइंड बॉडी मेडिसीन' कार्यक्रम में देशभर से आए डॉक्टर्स को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्वयं को बदलने के लिए सबसे पहले हमें अपनी सोच को बदलना होगा। क्योंकि इसका प्रभाव हमारी वाणी पर पड़ता है। जब हम अपने जीवन में मूल्यों को अपनाते हैं तो इससे हमारे कर्म श्रेष्ठ बनते हैं और भविष्य उज्ज्वल बनता है।

कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.अशोक मेहता ने कहा कि अध्यात्म में वह शक्ति है जो किसी भी बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके लिए स्वयं में दृढ़ निश्चय का होना आवश्यक है। अध्यात्म हमें स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी समझने की कला सीखता है।

गुड़गांव। भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.जी.जे.अब्दुल कलाम का स्वागत करते हुए ओ.आर.सी. की संचालिका ब्र.कु.आशा, ब्र.कु.बृजमोहन एवं डॉ.गिरीश पटेल।

ओ.आर.सी. की संचालिका ब्र.कु.आशा बहन ने कहा कि जब हम राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं तो इससे स्वयं में अनेक शक्तियां आने लगती है जो बीमारी के समय भी हमारा आत्मविश्वास बनाएं रखती है। डॉक्टर यदि शरीर के साथ-साथ मन का भी ईलाज करें तो वह अनेक दुआओं का अधिकारी बन सकता है, क्योंकि मरीज को दवा के साथ-साथ दुवाओं की भी आवश्यकता होती है। इसलिए डॉक्टर को भगवान कहा जाता है।

इस कार्यक्रम को डॉ.बनारसी, दिल्ली के डॉ.मोहित गुप्ता, डॉ.गिरीश पटेल, डॉ.मंजू गुप्ता, डॉ.एम.डी.गुप्ता, प्रो.स्वामीनाथन ने भी संबोधित किया और अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

साबरमती जेल में ब्रह्माकुमारीज़ और अन्नामलाई विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन

अहमदाबाद। अहमदाबाद के साबरमती सेंट्रल जेल में ब्रह्माकुमारीज़ और अन्नामलाई यूनिवर्सीटी के द्वारा एम.एस.सी, पी.जी.डिप्लोमा एवं डिप्लोमा मूल्य शिक्षा और आध्यात्मिकता के विविध कोर्स में गुजरात राज्य की विभिन्न जेलों में से 79 बंदीवान विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह का आयोजन कर अन्नामलाई युनिवर्सीटी के वाइस चांसलर प्रो.डॉ.एन.रामनाथन, गुजरात जोन की संचालिका ब्र.कु.सरला एवं गृह विभाग के सचिव डॉ.एस.के.नंदा द्वारा सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री एवं मेडल प्रदान किया गया। जिसमें एम.एस.सी पाठ्यक्रम में 30, पी.जी.डिप्लोमा में 11 एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 38 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण किया। जिसमें 23 जेल के अधीक्षक भी शामिल थे। जेल के इतिहास में यह दूसरा अवसर था जब जेल में समारोह का आयोजन कर डिग्री एवं मेडल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अन्नामलाई विश्व विद्यालय के वाईस चांसलर प्रो.डॉ.एन.रामनाथ ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था मूल्य शिक्षा और आध्यात्मिकता का कोर्स करावाकर व्यक्ति को मूल्यों का जीवन में महत्व समझाकर इन मूल्यों को व्यवहारिक जीवन में उपयोग करने की शिक्षा देती है।

पी.सी.ठाकुर ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह जेल, जेल नहीं किन्तु एक परिवार बन गया है। यहां परिवार की तरह ही हर एक की परवरिश की जाती है, और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

गृह विभाग के सचिव डॉ.एस.के.नंदा ने कहा कि यहां आये हुए कैदियों के लिए जेल एक गांव बन गया है, क्योंकि यहां शिक्षा से जुड़ी प्रवृत्तियां इन्हें व्यस्त रख तनाव और दबाव से दूर रखती है। जिसका आज यह परिणाम दिखाई दे रहा है कि यहां स्थिर मन से पढ़ाई कर स्वयं का परिवर्तन करने की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाये हैं। शिक्षा प्रभाग के संयोजक डॉ.हरीश शुक्ला ने पाठ्यक्रम का महत्व समझाते हुए कहा कि यह कोर्स हमें अंतरदर्शन कर आने वाले समय के साथ चलने के लिए तैयार करता है। मुख्यालय संयोजक

शेष पृष्ठ 4 पर

अहमदाबाद। साबरमती जेल में आयोजित दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए गृह सचिव डॉ.एस.के.नंदा, उपकुलपति प्रो.डॉ.एन.रामनाथ, पी.सी.ठाकुर, ब्र.कु.सरला तथा पी.जी.डिप्लोमा पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हुए बंदीवान भाई।

सदस्यता शुल्क

भारत - वार्षिक 170 रूपये,
तीन वर्ष 510 रूपये
आजीवन 4000 रूपये
विदेश - 2000 रूपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीआर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट माउण्ट आबू) द्वारा भेजें ।

पत्र-व्यवहार

सम्पादक : ब्र.कु.गंगाधर
ओम् शान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज्, शांतिवन, तलहटी
पोस्ट बॉक्स नं. - 5, आबू रोड (राज.) 307510
Enquiry for Membarship and complain (m)-09414006096
(M)- 9414154344, E-mail : mediabkm@gmail.com,
omshantimedia@bkivv.org, webside:www.omshantimedia.info

प्रति

RNI NO RAJHN/2000/721, NEWS PAPER TO POST CONCSSIONAL REGISTRATION NO. RJ/SIROHI/9623/12-14, 12TH TO 14 TH, 22 ND TO 24TH POSTED TO SHANTIVAN POST OFFICE
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, सलाहाकार संपादक: कमल दीक्षित, प्रकाशक: ब्र.कु.करूणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज् मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ.) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट साल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।